>

Title: Need to carry out the modernization and upgradation of Lala Lajpat Rai Medical College of Meerut in Uttar Pradesh.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): आदरणीय सभापति महोदया जी, मेरे पास सैंकड़ों की संख्या में ऐसे लोग आते हैं जिन्हें चिकित्सा की उच्च स्तरीय सुविधा प्राप्त करने के लिए एम्स या दिल्ली के अस्पतालों में रैफर कर दिया जाता है, क्योंकि मेरठ में उस प्रकार की सुविधाएं सार्वजनिक क्षेत्र के अंदर उपलब्ध नहीं हैं। दिल्ली में बहुत भीड़ होने के कारण उन्हें सुविधाएं नहीं मिल पातीं। सरकार ने घोषणा की हुई है, एनडीए सरकार ने की और यूपीए सरकार भी उसे पूरा करना चाहती है कि देश के अंदर विभिन्न स्थानों पर एम्स के स्तर के अस्पताल खोले जाएं। मैं समझता हूं कि वह लम्बा काम है। मेरा निवेदन है कि इस प्रकार के जो कुछ बड़े अस्पताल हैं, यदि उनका उन्नयन कर दिया जाए तो इस समस्या का कुछ हल हो सकता है। मेरठ का जो लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज है, वहां पर लगभग डेढ़ सौ बीघे से भी अधिक जमीन है। वहां बहुत बड़ा इफ्रास्ट्रक्चर बना हुआ है। 5-10 करोड़ रुपये लगाकर वहां का उन्नयन किया जा सकता है जिससे ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टीटयूट में आने का बोझ घट जाएगा। लोगों को सुविधाएं मिल जाएंगी। मैं आपके माध्यम से यही आग्रह करना चाहता हूं कि सरकार इस प्रकार के प्रस्ताव पर विचार करे और उसका उन्नयन करे। बहुत-बहुत धन्यवाद।